तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 1 जुलाई 2026



11 एसपी ने बारूका की महिला शक्ति को किया...





12 बच्चे कल के भविष्य, समाज के विकास में शिक्षा का...







प्रवेश प्रारंभ

B.P.Ed., B.P.E.S., BCA, Bsc. (CS/IT), B.Com., PGDCA, DCA PG Diploma in Yoga Edu.

AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त (पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)

नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

मो.न. - 8103982557


# पीएम आवास की सूची से गरीबों के नाम गायब, जनपद पहुंचे आधा दर्जन गांवों के ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/छुईहा बेलर

प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएम आवास) की स्थायी प्रतीक्षा सूची से वास्तविक पात्र परिवारों के नाम गायब होने को लेकर फिंगेश्वर विकासखंड की बोड़की, फुलझर, जोगीडीपा, चरभट्ठी और देवरी सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा है। बीते 24 जून को आयोजित ग्राम सभाओं में जब आवास सूची का वाचन किया गया, तो उसमें भारी विसंगतियां सामने आईं। इसके विरोध में मंगलवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने जनपद मुख्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि क्षेत्र में दो-दो बार सर्वेक्षण होने के बावजूद कई अत्यंत गरीब और हकदार परिवारों को सूची से बाहर कर दिया गया है, जबकि आर्थिक रूप से संपन्न लोगों के नाम सूची में जोड़ दिए गए हैं। इस गड़बड़ी को लेकर सबसे ज्यादा उंगली सर्वे करने वाले कर्मचारियों पर उठ रही है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे बोड़की के पूर्व सरपंच रामजी साहू ने सर्वेक्षणकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों पर पक्षपात का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा की जिन गरीब परिवारों के मकान आज भी कच्चे, जर्जर और ढहने की कगार पर हैं, उन्हें योजना से पूरी तरह वंचित कर दिया गया है। गांव के लोगों को भली-भांति पता होता है कि किस परिवार को आवास की सबसे ज्यादा जरूरत है। हमारी सरकार से मांग है कि वर्तमान त्रुटिपूर्ण सर्वे प्रणाली को सुधारा जाए और हितग्राहियों का चयन 'ग्राम ▶▶|शेष पेज 10 पर

## पूर्व सरपंचों ने लगाया पक्षपात का आरोप



### सैकड़ों ग्रामीणों के साथ जनपद सीईओ को सौंपा ज्ञापन

सूची में नाम जोड़ने और सर्वे की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर पूर्व सरपंच रामजी साहू (बोड़की) एवं पूर्व सरपंच नंदकुमार साहू (देवरी) के नेतृत्व में सैकड़ों प्रभावित ग्रामीण जनपद पंचायत फिंगेश्वर पहुंचे। वहां उन्होंने मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) अनिल सिंह को एक संयुक्त ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से डोमन साहू, सुंदर दीवान, टायल साहू, लालजी, धर्मेंद्र साहू, यादराम साहू, भुवन साहू, उमेश साहू, खेदराम, लीलाराम, उदेराम सहित भारी संख्या में वे ग्रामीण शामिल थे, जिनके सिर पर पक्की छत नहीं है और उनके नाम सूची से गायब हैं।

## खबर संक्षेप

### बिरोदा व हसदा में दो लोगों ने फांसी लगाकर दी जान

**अभनपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार को दो अलग-अलग गांवों में फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की घटनाएं सामने आईं। दोनों मामलों की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए जांच शुरू कर दी है। पहली घटना ग्राम बिरोदा की है, जहां हुलेश यदु (23 वर्ष), पिता देवलाल यदु, निवासी ग्राम सातपारा ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई की तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दूसरी घटना ग्राम हसदा-2 की है, जहां सालिकराम यादव (65 वर्ष), पिता स्वर्गीय जेठू यादव, ने अपने खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। अभनपुर पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर लिया है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस दोनों घटनाओं के हर पहलू की जांच कर रही है।

### संगीता शर्मा बनीं कोरबा जिला प्रभारी

**अभनपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष संगीता शर्मा को पार्टी संगठन ने नई जिम्मेदारी सौंपते हुए महिला मोर्चा का कोरबा जिला प्रभारी नियुक्त किया है। यह दायित्व संगठन मंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश महामंत्री तथा प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष के निर्देशानुसार दिया गया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर संगीता शर्मा ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है, वह उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगी और कोरबा जिले में महिला मोर्चा को अधिक सशक्त, सक्रिय तथा जनसेवा से जोड़ने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगी।

### जिला पंचायत में सामान्य सभा की बैठक 3 को

**महासमुंद।** जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार 3 जुलाई को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत अध्यक्ष मोंगरा पटेल की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में होगी।

## दहशत : कुत्तों के आंतक से लोग भयभीत, पिछले छः माह में 180 लोगों को काटा

# आवारा कुत्तों का आंतक, 8 लोगों को काटा, 4 गंभीर, जिला अस्पताल रिफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के मैनपुर नगर में मंगलवार की सुबह उस वक्त भारी दहशत और अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब एक पागल कुत्ते ने अचानक लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया। इस खौफनाक घटना में महिलाओं और बच्चियों सहित कुल 8 लोग बुरी तरह से घायल हो गए हैं। घटना के बाद से पूरे इलाके में खौफ का साया है। कुत्ते के हमले के तुरंत बाद, परिजनों और स्थानीय निवासियों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनपुर पहुंचाया स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने तुरंत घायलों का उपचार शुरु किया और उन्हें आवश्यक एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाए। घायलों में से 04 लोगों की स्थिति बेहद गंभीर थी। उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर और सघन इलाज के लिए जिला अस्पताल, गरियाबंद रेफर कर दिया है फिलहाल स्वास्थ्य विभाग मुस्तैदी से बाकी घायलों का उपचार कर रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह पागल कुत्ता सड़क पर राह चलते लोगों पर अचानक झपट रहा था। इस अप्रत्याशित हमले में सबसे अधिक शिकार महिलाएं और छोटी बच्चियां बनीं। लगातार हो रहे हमलों से लोगों में चीख–पुकार मच गई थी। हालात बेकाबू होते देख नगर के कुछ स्थानीय युवाओं ने हिम्मत जुटाई। भारी मशक्कत और सूझबूझ के बाद युवाओं ने उस पागल कुत्ते को घेरकर मार गिराया। कुत्ते के मारे जाने के बाद ही नगरवासियों ने राहत की सांस ली और अन्य लोग इसका शिकार होने से बच गए।

**संक्रमण फैलने का बढ़ा खतरा-** भले ही कुत्ते को मार दिया गया हो, लेकिन इलाके में एक नई चिंता ने जन्म ले लिया है। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, मरने से पहले उस पागल कुत्ते ने इलाके के कुछ मवेशियों और अन्य आवारा कुत्तों को भी काट लिया था अब ग्रामीणों को डर सता रहा है कि रेबीज के संक्रमण से वे जानवर भी आक्रामक और खतरनाक हो सकते हैं, जो भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं इस गंभीर खतरे को भांपते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन और पशुपालन विभाग से तत्काल हस्तक्षेप की अपील की है। उनकी प्रमुख मांगें इस प्रकार हैं। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित आसपास ग्रामों के लोग इन दिनों अवारा कुत्तों के आंतक से भारी भयभीत हो गए हैं, पिछले छः माह मे 180 लोगों को आवारा कुत्तों ने बुरी तरह काटा है, जिसमें स्कूली बच्चे सबसे ज्यादा शामिल है, जिसके कारण नगर के पालक अपने छोटे छोटे बच्चों की सुरक्षा को लेकर बेहद परेशान नजर आ रहे है वही दुसरी ओर जिम्मेदार लोग इस तरफ थोडा भी ध्यान नही दे रहे है जिसके चलते लोगो में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है।






### उच्च अधिकारियों कराएंगे अवगत

मैनपुर पशु चिकित्सालय के डॉक्टर योगेश नायक ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि आवारा कुत्तों के द्वारा लगातार मैनपुर व आसपास के लोग शिकार हो रहे है, स्कूली बच्चों पर ज्यादा हमला कर रहे है उच्च अधिकारियों को मामले से अवगत करा कर स्थायी समाधान के लिए प्रयास किया जायेगा।

# जोगीडीपा जलाशय में मॉनसून बैन की धज्जियां उड़ाकर अवैध मत्स्य आखेट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

बरसात का मौसम मछलियों के प्रजनन का सबसे महत्वपूर्ण समय माना जाता है। इसी कारण जून से अगस्त (कुछ क्षेत्रों में सितंबर तक) मछली पकड़ने पर प्रतिबंध लगाया जाता है, जिसे मॉनसून फिशिंग बैन या क्लोज सीजन कहा जाता है। इस अवधि में मादा मछलियां अंडे देती हैं तथा नदियों, तालाबों और जलाशयों के उथले हिस्सों में प्रजनन के लिए आती हैं। यदि इस समय मछलियों का शिकार किया जाए तो एक मछली के साथ हजारों अंडे और भावी मत्स्य संपदा भी नष्ट हो जाती है। यही कारण है कि मत्स्य संरक्षण और भविष्य के मत्स्य भंडार को सुरक्षित रखने के लिए यह प्रतिबंध लागू किया जाता है।

इसके बावजूद फिंगेश्वर विकासखंड के जोगीडीपा जलाशय में इन दिनों नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार प्रतिदिन सुबह से जलाशय में जाल डालकर बड़ी मात्रा में मछलियों का अवैध शिकार किया जा रहा है। इससे शासन के मत्स्य संरक्षण अभियान की प्रभावशीलता पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों एवं सहकारी मत्स्य समिति से जुड़े रमेश यादव सहित कमलेश कुमार, कोमल कमार, हूलेश कमार, हेमलाल कमार, लता ध्रुव, राजकुमारी कमार, रमता कमार अन्य लोगों ने इस संबंध में मत्स्य विभाग को फोन और व्हाट्सएप के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि गरियाबंद में पदस्थ मत्स्य निरीक्षक महेंद्र टांडेकर ने प्रभावी कार्रवाई करने के बजाय यह कहते हुए असमर्थता जताई कि वे अकेले हैं और कार्यालय छोड़कर मौके पर नहीं जा सकते। शिकायतकर्ताओं ने इस रवैये पर नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे विभागीय जिम्मेदारी से बचने का प्रयास बताया है।



## शाला प्रवेश उत्सव के दौरान बच्चों की जान से खिलवाड़, पिकअप में ठूंसकर लाए गए

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर मे आज शिक्षा विभाग द्वारा शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया था इस दौरान स्कूली बच्चो को पिकअप खुले वाहन मे भरकर लाने ले जाने का फोटो वायरल होने के बाद पालको मे भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है और इस मामले पर नराजगी जताते हुए गरियाबंद कलेक्टर से मांग किया है कि मामले की जॉच किया जाये और कार्यवाही किया जाए। ज्ञात हो कि शाला प्रवेश उत्सव मे बच्चो के जान जोखिम में डालकर पिकअप में मैनपुर कार्यक्रम तक लाने और ले जाने का फोटो सोशल मिडिया में वायरल होने के बाद जहां एक ओर पालकों में भारी नराजगी देखने को मिल रहा है तो दूसरी ओर कांग्रेस द्वारा इसे छात्र के जान जोखिम में डालना बताते हुए सरकार और शिक्षा विभाग को घेरा जा रहा है। इस संबंध में चर्चा करने पर मैनपुर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी देवनाथ बघेल ने कहा की इसके बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है। मामले का पता करवाता हूं क्योंकि हम लोग कार्यक्रम स्थल अंदर में थे।

# दादरगांव में पटवारी की लापरवाही से छात्र और किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

- ग्रामसभा के प्रस्ताव के बाद भी सालभर से नहीं हुई कार्रवाई

दादरगांव हल्का में पदस्थ पटवारी रेखा ध्रुव की कार्यप्रणाली को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पटवारी की लगातार अनुपस्थिति और लापरवाही के कारण छात्र-छात्राओं, किसानों तथा आम नागरिकों को छोटे-छोटे शासकीय कार्यों के लिए बार-बार पटवारी कार्यालय और तहसील के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि ग्रामसभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पटवारी को हल्का से हटाने की मांग की गई, लेकिन लगभग एक वर्ष बाद भी इस पर कोई कार्रवाई नहीं हो सकी। इन दिनों नए शिक्षा सत्र की शुरुआत के साथ स्कूलों और कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। छात्रवृत्ति, प्रतियोगी परीक्षाओं और विभिन्न शासकीय योजनाओं के लिए आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ रही है। इन प्रमाण पत्रों के लिए पटवारी के हस्ताक्षर अनिवार्य हैं, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि पटवारी के नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित नहीं रहने के कारण छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को कई दिनों तक भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार किसानों को भी भूमि सीमांकन, फौती नामांतरण, ऋण पुस्तिका, गिरदावरी, फसल बीमा और राजस्व अभिलेखों से जुड़े कार्यों के लिए लगातार परेशानी उठानी पड़ रही है। एक सामान्य दस्तावेज तैयार कराने में भी कई दिन लग जाते हैं।

**तहसीलदार बोले- मामला दोबारा भेजा जाएगा-** तहसीलदार मयंक अग्रवाल ने बताया कि पटवारी के संबंध में ग्रामीणों का आवेदन पूर्व में प्राप्त हुआ था, जिसे नियमानुसार प्रस्तावित कर एसडीएम कार्यालय भेज दिया गया था। इसी दौरान तत्कालीन एसडीएम का स्थानांतरण हो गया तथा संबंधित पटवारी भी अवकाश पर चली गई थीं। उन्होंने बताया कि पटवारी अब अवकाश से लौटकर ड्यूटी जॉइन कर चुकी हैं। उन्होंने कहा की आपके माध्यम से मामला पुनः संज्ञान में आया है। आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर प्रकरण को दोबारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कार्यालय भेजा जाएगा, ताकि नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जा सके।

## कुर्सी पर बैठते हैं पटवारी के पति, हो निष्पक्ष जांच : उपसरपंच




ग्राम पंचायत दादरगांव की उपसरपंच यामिनी चंद्राकर ने बताया कि पटवारी की कार्यशैली से पूरा हल्का प्रभावित है। उन्होंने कहा कि ग्रामसभा में प्रस्ताव पारित कर एसडीएम छुरा और कलेक्टर गरियाबंद को लिखित आवेदन सौंपा गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति असंतोष बढ़ रहा है। उपसरपंच ने यह भी आरोप लगाया कि कई बार पटवारी की अनुपस्थिति में उनके पति कार्यालय में बैठकर लोगों के कार्य करते दिखाई देते हैं। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा हुआ है तो इसकी निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए, क्योंकि शासकीय कर्मचारी का कार्य उसके परिजन द्वारा किया जाना नियमों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में सबसे अधिक परेशानी छात्र-छात्राओं को हो रही है। प्रवेश प्रक्रिया के दौरान आवश्यक प्रमाण पत्र समय पर नहीं बनने से उनके भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से तत्काल व्यवस्था सुधारने, मामले की निष्पक्ष जांच कराने तथा ग्रामीणों को शीघ्र राहत देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि जब ग्रामसभा का प्रस्ताव, लिखित शिकायतें और लगातार उठ रही जनसमस्याएं भी प्रशासन को कार्रवाई के लिए प्रेरित नहीं कर पा रही हैं, तो यह राजस्व व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। अब क्षेत्र की जनता की निगाहें प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हैं। एसडीएम का पक्ष नहीं मिल सका इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) छुरा से उनका पक्ष जानने के लिए संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया, जिससे उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो सका।

## अब 100 की जगह मिलेगा 125 दिनों का गारंटीकृत रोजगार

# आज से वीबी रामजी लागू : 15 दिनों में मिलेगी मजदूरी, काम नहीं तो मिलेगा बेरोजगारी भत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

1 जुलाई से मनरेगा की जगह वीबी-रामजी लागू होगा। छत्तीसगढ़ सरकार ने केंद्र के इस अधिनियम के प्रारूप का अनुमोदन कैबिनेट की बैठक में पहले ही कर दिया है।

अब राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी ग्रामीण क्षेत्रों में लागू करने के लिए अधिसूचित कर दिया है।खास बात ये है कि नए एक्ट के तहत 125 दिनों के काम के साथ ही 15 दिनों के अंदर काम का भुगतान किया जाएगा। अगर मांगने पर भी किसी को काम नहीं मिला, तो उसे बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ में राज्य ग्रामीण रोजगार परिषद का गठन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री इस परिषद के अध्यक्ष होंगे। राज्य सरकार द्वारा, राज्य के ऐसे ग्रामीण क्षेत्र में, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचित किया जाए, प्रत्येक परिवार को, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल शारीरिक कार्य करने के लिए स्वेच्छा से आगे आते हैं, इस योजना के अनुसार किसी वित्तीय वर्ष में एक सौ पच्चीस दिन से अन्यून गारंटीकृत रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। प्रत्येक व्यक्ति, जिसने योजना के तहत उसे दिया गया कार्य किया है, प्रत्येक कार्य दिवस के लिए ▶▶|शेष पेज 10 पर



### राशि मिलने में देर पर मुआवजा भी

यदि मजदूरी का भुगतान मस्टर रोल के बंद होने की दिनांक से पंद्रह दिनों के भीतर नहीं किया जाता है, तो मजदूरी चाहने वाला व्यक्ति मस्टर रोल के बंद होने के सोलहवें दिन से परे विलंब के प्रतिदिन अवैतनित मजदूरी की 0.05 प्रतिशत की दर से विलंब के लिए मुआवजे का भुगतान पाने का हकदार होगा। मजदूरी का भुगतान, श्रमिकों के संबंधित बैंकों अथवा डाकघरों में स्थित उनके व्यक्तिगत बचत खातों के माध्यम से किया जाएगा। भुगतान में विलंब पर क्षतिपूर्ति के लिए प्रावधान किए गए हैं। क्षतिपूर्ति देय दिनांक से पंद्रह दिन की अवधि के बाद भुगतान के विलंब को मजदूरी भुगतान में विलंब के समान ही माना जाएगा।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

BHILAI | DHANORA

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• FITTER 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

REGISTRATION OPEN

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

कुरुद रोड कोहका, भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)

89595-93949 • 89595-44444

अग्रसेन एजुकेशन कैम्पस, ग्राम-धनोरा, जिला - दुर्ग (छ.ग.)

89595-93934 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### प्रदेश महिला मोर्चा में रेखा सोनकर बनी सहप्रभारी



**राजिम।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव,महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी की सहमति से भाजपा महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रभारी एवं सहप्रभारियों की घोषणा की गई है। इस घोषणा में रायपुर ग्रामीण से गरियाबंद-राजिम की वरिष्ठ भाजपा नेत्री एवं नगर पालिका राजिम की पूर्व अध्यक्ष रेखा सोनकर को महिला मोर्चा का सहप्रभारी नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की खबर मिलते ही राजिम सहित आसपास के क्षेत्रों में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के बीच खुशी का माहौल देखने को मिल रहा है। रेखा सोनकर लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय एवं समर्पित कार्यकर्ता रही हैं। संगठन के विभिन्न दायित्वों का उन्होंने निष्ठापूर्वक निर्वहन किया है। पार्टी के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, संगठनात्मक क्षमता और जनसंपर्क को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## पेज 9 के शेष...

### पीएम आवास की...

सभा से अनुमोदित' कराने की पुरानी व्यवस्था को पुनः लागू किया जाए। **दवा-आपत्ति करें, परीक्षण के बाद ही जुड़ेगा नाम : सीईओ-** ग्रामीणों की शिकायत और आक्रोश को देखते हुए जनपद सीईओ अनिल सिंह ने उन्हें समझाइश दी। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों में आयोजित ग्राम सभाओं में 'आवास प्लस' एवं 'स्थायी प्रतीक्षा सूची' का वाचन इसीलिए किया जाता है ताकि पारदर्शिता बनी रहे। सीईओ ने स्पष्ट किया कि यदि किसी पात्र व्यक्ति का नाम सूची में शामिल होने से छूट गया है, तो वह निर्धारित प्रक्रिया के तहत जनपद कार्यालय में अपना लिखित दावा एवं आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। वर्तमान में ये आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार परीक्षण किया जाएगा और अनेक दौर की स्क्रूटनी (जांच) के बाद शासन के निर्देशानुसार आगामी कार्रवाई की जाएगी।

### आज से वीबी...

निर्धारित मजदूरी की दर से मजदूरी प्राप्त करने का हकदार होगा। **मजदूरी मिलेगी हफ्ते में, पेमेंट 15 दिन में-** दैनिक मजदूरी का संवितरण साप्ताहिक आधार पर किया जाएगा। किसी भी दशा में दैनिक मजदूरी का भुगतान, कार्य करने के दिनांक से पन्द्रह दिन के भीतर किया जाएगा। नियम में यह भी शामिल है कि अगर इस योजना के तहत ठेकेदारों के माध्यम से कोई काम नहीं होगा। नियम तोड़ने वालों अधिकतम 10 हजार रुपए जुर्माना हो सकता है। यदि योजना के अंतर्गत रोजगार प्राप्त करने के लिए आवेदन करने वाले किसी आवेदक को उसके आवेदन प्राप्त होने की तिथि से अथवा अग्रिम आवेदन की स्थिति में जिस तिथि से रोजगार की मांग की की गई हो, उनमें से जो भी तिथि बाद की हो, उससे पंद्रह दिवस के भीतर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता, तो वह इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार प्रतिदिन बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने का हकदार होगा।

### आस्था : अब अणसर भवन में विराजेंगे महाप्रभु, 16 जुलाई को निकलेगी भव्य रथयात्रा

# 108 कलशों के जल से महाप्रभु जगन्नाथ का महाअभिषेक, गजानन वेश में दिए दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

ज्येष्ठ पूर्णिमा के पावन अवसर पर सोमवार को देव स्नान पूर्णिमा के तहत श्री जगन्नाथ परिवार युवा बल द्वारा सिविल लाइन स्थित रामजानकी मंदिर में भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा की पारंपरिक स्नान यात्रा श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुई। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और मृदंग की मंगल ध्वनि के बीच महाप्रभु का 108 पवित्र कलशों के जल से महाअभिषेक किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर /"जय जगन्नाथ के उद्घोष से गुंजायमान रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दिव्य दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित किया। धार्मिक परंपरा के अनुसार भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा के विग्रहों को रत्न सिंहासन से विधि-विधानपूर्वक स्नान मंडप तक लाया गया। यहां वैदिक रीति-रिवाजों के साथ 108 कलशों के पवित्र जल से महाअभिषेक किया गया। देव स्नान पूर्णिमा का यह पर्व रथयात्रा से पूर्व भगवान के सार्वजनिक दर्शन का विशेष अवसर माना जाता है।





**12 आकर्षक झांकियां होंगी मुख्य आकर्षण**

इस वर्ष 16 जुलाई को रामजानकी मंदिर से भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा में आकर्षक झांकियां, छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, लोकनृत्य, लोकगीत तथा विभिन्न राज्यों से आने वाले कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण रहेंगी। आयोजन को लेकर शहरभर में उत्साह का माहौल है और तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। श्री जगन्नाथ परिवार युवा बल के सदस्य कृष्ण कश्यप ने बताया कि इस वर्ष रथयात्रा को और अधिक भव्य स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है। करीब 12 आकर्षक झांकियां, पारंपरिक धमाल, लोक संगीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण होंगे। महाप्रभु के विशाल रथ का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है और समिति के सदस्य आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी निष्ठा के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं।

महाअभिषेक के बाद भगवान को सादे वस्त्र धारण कराए गए तथा नित्य भोग अर्पित किया गया। विश्राम उपरांत महाप्रभु ने भक्तों को गजानन वेश में दर्शन दिए। संध्या आरती के बाद भगवान को अणसर भवन में विराजमान कराया गया। धार्मिक मान्यता के अनुसार देव स्नान के पश्चात भगवान अस्वस्थ हो जाते हैं और कुछ दिनों तक अणसर भवन में विश्राम करते हैं। इस अवधि में श्रद्धालुओं को उनके दर्शन नहीं होते। रथयात्रा से पूर्व आयोजित नेत्र उत्सव में भगवान नवयौवन स्वरूप में दर्शन देंगे।

# एसपी ने बारूका की महिला शक्ति को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिले के ग्राम बारूका में नशामुक्त समाज की दिशा में महिलाओं द्वारा शुरू की गई जनजागरूकता मुहिम अब एक जनआंदोलन का रूप लेती जा रही है। गांव को पूरी तरह नशामुक्त बनाने के लिए महिलाओं ने संगठित होकर अवैध शराब, जुआ, सट्टा एवं अन्य नशीले पदार्थों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई का संकल्प लिया है। महिलाओं की इस सराहनीय पहल और सामाजिक जागरूकता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने उन्हें सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। ग्राम बारूका की महिलाओं ने संकल्प लिया है कि गांव में किसी भी प्रकार के नशे के कारोबार या सेवन को बढ़ावा नहीं मिलने दिया जाएगा। इस अभियान को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस द्वारा गांव में महिला कमांडो दल का गठन किया गया है, जो ग्रामीणों के सहयोग से अवैध गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखेगा तथा संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को उपलब्ध कराएगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वेदव्रत सिरमौर ने कहा कि नशामुक्त समाज के निर्माण में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। ग्राम बारूका की महिलाओं ने जिस साहस, जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया है, वह पूरे जिले के लिए प्रेरणादायक है। पुलिस प्रशासन इस अभियान में हर स्तर पर उनके साथ खड़ा है और अवैध शराब, जुआ, सट्टा एवं मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई जारी रखेगा। उन्होंने कहा कि पुलिस और समाज की साझेदारी से ही अपराध एवं नशे पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से गांव में सकारात्मक बदलाव दिखाई देने लगा है और अन्य गांव भी इस पहल से प्रेरित हो रहे हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद ग्राम बारूका की महिलाओं ने पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस के सहयोग और सम्मान से उनका मनोबल पहले से अधिक मजबूत हुआ है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पूरे गांव के सहयोग से बारूका को पूर्णतः नशामुक्त, सुरक्षित और आदर्श गांव बनाने के लिए उनका अभियान लगातार जारी रहेगा।



## आश्रम में मनाई गई कबीर जयंती

**राजिम।** राजिम के कबीर आश्रम में कबीर साहेब के 627वें प्राकट्य उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में चंदुलाल साहू अध्यक्ष, राज्य भंडार गृह निगम, छत्तीसगढ़ उपस्थित रहे। अध्यक्षता महेश यादव अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद ने की ।इस अवसर पर आश्रम के वरिष्ठ मेघनाथ साहू सहित सभापति आकाश राजपूत ,भारत यादव ,कुलेश्वर साहू ,पार्षद सुरेश पटेल मौजूद थे। कार्यक्रम में संत शिरोमणि सदगुरु कबीर साहेब जी के जीवन, विचार एवं मानवता, समानता तथा सामाजिक समरसता के संदेशों पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित जनों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प व्यक्त किया।

## भाजपा महिला मोर्चा सदैव जन सेवा को समर्पित : विभा अवस्थी

**राजिम।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान डिजिटल लर्निंग प्लेटफार्म कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के कार्यक्रम वर्ष भर 247 चलते हैं। उन्होंने कहा कि चुनावों में अभी करीब ढाई साल का समय शेष है, है, लेकिन भाजपा का कार्यकर्ता हर परिस्थिति के लिए सदैव तैयार रहता है। भाजपा का कार्यकर्ता पार्टी के कार्यक्रमों और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर लगातार जनता के बीच जाता है। भाजपा के ये अभियान किसी चुनाव को देखकर नहीं तय होते, बल्कि पार्टी चुनाव हो या न हो, हमेशा जनता की सेवा में तत्पर रहती है।



# एएसआई अशोक मेश्राम हुए सेवानिवृत्त, एसपी ने शाल-श्रीफल भेंट कर दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



गरियाबंद जिला पुलिस में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने के बाद सहायक उप निरीक्षक अशोक कुमार मेश्राम शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर गरियाबंद पुलिस परिवार द्वारा उनके सम्मान में गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके उत्कृष्ट सेवाकाल को याद करते हुए भावभीनी विदाई दी। समारोह में पुलिस अधीक्षक ने अशोक कुमार मेश्राम को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ, सुखद और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने उनके अनुशासित, कर्तव्यनिष्ठ एवं निष्पक्ष कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पूरे सेवाकाल में ईमानदारी और समर्पण के साथ पुलिस विभाग की जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस सेवा अत्यंत चुनौतीपूर्ण और जिम्मेदारी भरी होती है। ऐसे में पूरी सेवा अवधि को निष्ठा एवं समर्पण के साथ पूर्ण करना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि अशोक कुमार मेश्राम ने अपने अनुभवों से हमेशा युवा पुलिसकर्मियों का मार्गदर्शन किया और आमजन के बीच पुलिस की सकारात्मक छवि को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विभाग को उनकी सेवाओं की कमी हमेशा महसूस होगी। अपने उद्बोधन में सहायक उप निरीक्षक अशोक कुमार मेश्राम ने गरियाबंद पुलिस परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विभाग से मिला स्नेह, विश्वास और सम्मान उनके जीवन की अमूल्य पूंजी है। उन्होंने कहा कि सेवा के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन और सहकर्मियों का सहयोग हमेशा उनकी यादों में बना रहेगा। उन्होंने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए अपने सेवाकाल की मधुर स्मृतियों को साझा किया। विदाई समारोह का समापन सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनके स्वस्थ, सुखमय और सफल जीवन की मंगलकामनाओं के साथ किया गया।

# पढ़ लिखकर घर, परिवार शाला का नाम करें रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। नवप्रवेशी को गुलाल लगाकर,मुंह मीठा कराकर स्वागत करते हुए पाठय पुस्तक वितरित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलित व श्रीफल फोड़कर किया गया। वहीं सरस्वती वंदना टिकेश्वरी साहू (ग्यारहवीं) द्वारा किया गया।तत्पश्चत कक्षा पहली, छटवी एवं नवमी के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को अतिथियों के द्वारा गुलाल लगाकर एवं मुंह मीठा कराते हुए पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। इस अवसर पर पदमा निषाद सरपंच ग्राम पंचायत बिजली ने कहा कि आप सभी नियमित रूप से शाला में उपस्थित होकर अच्छे से पढ़ाई करते हुए घर, परिवार एवं शाला का नाम रोशन करें। वहीं हायर सेकंडरी स्कूल को वाटर कूलर देने की बाते कही। गजेन्द्र निषाद अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति ने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जीवन में जल का बहुत महत्व है। जल के बिना जीवन संभव नहीं है। अतः जल प्रकृति का अनुपम उपहार है। इसलिए जल की एक एक बूंद की महत्व को ध्यान में रखते हुए उनका सदुपयोग करना चाहिए। नंइस अवसर पर उपसरपंच तोषण पटेल, शत्रुहन लाल साहू, चुनु राम निषाद, शैलेन्द्र यादव, संस्था के प्राचार्य रामनारायण मिश्रा, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, पूरन लाल साहू, विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, योगेश सोनकर, रेखा सोनी, संतोषी गिलहरे, शिक्षक नंदकुमार यादव, मोहन लाल साहू, टिकेन्द्र यदु, कृपाराम बघेल, वीरेंद्र यदु, व्यायाम शिक्षक नकुल राम साहू, क्लर्क दुष्यंत कुमार साहू, तोमन राम साहू, स्वीपर यशवंत व छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

# जनदर्शन में कलेक्टर लंगेह ने सुनी आमजनों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं एवं मांगें गंभीरता से सुनीं। जनदर्शन में राजस्व, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, बिजली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित विभिन्न जनहित से जुड़े विषयों पर कुल 85 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर लंगेह ने प्रत्येक आवेदन का अवलोकन कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण कर आम नागरिकों को राहत पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

जनदर्शन में ग्राम पंचायत मामा भांचा के आश्रित ग्राम डोंगरीपाली के निवासियों ने गांव में बोर खनन, ग्राम बम्हनी के जागेश्वरी पाल ने भू अभिलेख में नाम सुधरवाने के लिए आवेदन दिया। इसी तरह जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना, अतिक्रमण, पीएम सम्मान निधि, दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना एवं राशन कार्ड से संबंधित एवं अन्य आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता, जवाबदेही और प्राथमिकता के साथ निराकरण करें।

## डराने-धमकाने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सरायपाली।** बलौदा पुलिस ने क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ एक सख्त और त्वरित कार्रवाई की है। सार्वजनिक स्थान पर धारदार हथियार लहराकर आम जनता को डराने-धमकाने वाले एक 21 वर्षीय युवक को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा।

# ग्रामीण युवाओं को मिलेगी प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग, 155 ने कराया पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

कलेक्टर जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी के उद्देश्य से (रतनगर्भा अकादमी फॉर कॉम्पिटिटिव एग्जाम) का शुभारंभ किया गया। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराकर उन्हें विभिन्न शासकीय प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए तैयार करना है। अकादमी का शुभारंभ मंगलवार को किया गया जो नियमित कक्षाएं प्रतिदिन प्रातः 7:00 बजे से 10:00 बजे तक संचालित की जाएंगी। प्रशिक्षण का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय, छुरा में किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह में जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्ष मीरा ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी, कार्यक्रम की अध्यक्षता के रूप में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कुलेश्वर सोनवानी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में युवराज साहू सभापति जनपद पंचायत एवं जनपद सदस्य नारायण सिन्हा, पंकज निर्मलकर, दुलारी साहू ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सर्व प्रथम फीता काट कर जनप्रतिनिधियों ने कोचिंग क्लास की शुभारंभ किया। तत्पश्चात मां शारदा के छाया चित्र पर पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुए जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सतीश चंद्रवंशी ने कहा कि जिला प्रशासन ने ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को बड़े शहरों जैसी प्रतियोगी परीक्षा तैयारी की सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध करा रहे है। ताकि आर्थिक और भौगोलिक कारणों से किसी भी विद्यार्थी की प्रतिभा प्रभावित न हो। अकादमी में विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन, अध्ययन सामग्री, टेस्ट सीरीज, करियर मार्गदर्शन तथा एआई आधारित व्यक्तिगत सीखने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे विद्यार्थियों को अपनी क्षमता के अनुरूप तैयारी करने और प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा।

**संसाधनों के अभाव में अब नहीं छूटेगी पढ़ाई**



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि निःशुल्क कोचिंग के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर एवं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी का अवसर मिलेगा। इससे विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा, उनकी अध्ययन क्षमता में सुधार होगा तथा उन्हें अनुभवी शिक्षकों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इस पहल से प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को संसाधनों के अभाव में अपनी पढ़ाई छोड़ने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता की संभावना बढ़ेगी और अधिक से अधिक युवा शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ सकेंगे। निःशुल्क कोचिंग समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव भी तैयार करेगी। जिला प्रशासन ने क्षेत्र के विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं जनप्रतिनिधियों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने तथा इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक पहल को सफल बनाने की अपील की है। यह अकादमी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगी, जिससे उन्हें निःशुल्क एवं व्यवस्थित मार्गदर्शन प्राप्त होगा कार्यक्रम, कयाराम यादव करारोपण अधिकारी, योगेश कुमार यादव सहायक विस्तार अधिकारी, विकास सोनी, समाजसेवी शीतल ध्रुव का प्रचार प्रसार एवं विशेष सहयोगमिल रहा है, अब तक 155 विद्यार्थियों का पंजीयन हो चुका है। कार्यक्रम संचालन योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने किया।





# राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस

एक डॉक्टर को कभी भी आपकी जाति या धर्म से मतलब नहीं होता उसके लिए सभी एक समान होते हैं

1 जुलाई

## डॉ. रॉय को यादगार के रूप में मनाते है डॉक्टर्स-डे

राष्ट्रीय चिकित्सीय दिवस के रुप में हर वर्ष 1 जुलाई को पहचान और मनाये जाने के लिये 1991 में भारतीय सरकार द्वारा डॉक्टर दिवस की स्थापना हुई थी। भारत के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ बिधान चन्द्र रॉय ( डॉ.बी.सी.रॉय ) को श्रद्धांजलि और सम्मान देने के लिये 1 जुलाई को उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर इसे मनाया जाता है। 4 फरवरी 1961 में उन्हें भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजा गया। उनका जन्म 1 जुलाई 1882 को बिहार के पटना में हुआ था। रॉय साहब ने अपनी डॉक्टरी की डिग्री कलकत्ता से पूरी की और 1911 में भारत लौटने के बाद अपनी एमआरसीपी और एफआरसीएस की डिग्री लंदन से पूरी की और उसी वर्ष से भारत में एक चिकित्सक के रुप में अपने चिकित्सा जीवन की शुरूआत की। बाद में उन्होंने कलकत्ता मेडिकल कॉलेज से एक शिक्षक के रुप में जुड़ गये और इसके बाद वो कैंपबेल मेडिकल स्कूल गये और उसके बाद कारमाईकल मेडिकल कॉलेज से जुड़ गये। वो एक प्रसिद्ध चिकित्सक थे और नामी शिक्षाविद् होने के साथ ही एक स्वतंत्रता सेनानी के रुप में सविनय अवज्ञा आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी से जुड़े। बाद में वो भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता बने और उसके बाद पश्चिम बंगाल के मुख्य मंत्री बने। इस दुनिया में अपनी महान सेवा देने के बाद 80 वर्ष की आयु में 1962 में अपने जन्मदिवस के दिन ही उनकी मृत्यु हो गयी। उनको सम्मान और श्रद्धंजलि देने के लिये वर्ष 1976 में उनके नाम पर डॉ.बी.सी. रॉय राष्ट्रीय पुरस्कार की शुरूआत हुई।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
- गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
- एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
- सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
- बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
- आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
- TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें 9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

1 जुलाई
national doctors

आस्था पॉलीक्लिनिक एण्ड आस्था मेडिकल
1 जुलाई Happy Doctor's Day
श्रीमती योगिता सिन्हा
डॉ. के.आर. सिन्हा
यदि आप शुगर रोग, हृदय रोग, थॉयराईड रोग, वात रोग से पीड़ित है तो संपर्क करें-
आस्था पॉलीक्लिनिक एण्ड आस्था मेडिकल
सदर रोड नवापारा, मो. 8269844221

National DOCTOR'S DAY की हार्दिक शुभकामनाएं

आयुष्मान हॉस्पिटल
NABH CERTIFIED
आयुष्मान हॉस्पिटल
साई मंदिर कुर्रा (नवापारा राजिम)



- अनुभवी डॉक्टरों की टीम
- किफायती एवं विश्वसनीय इलाज
- आधुनिक मशीनें एवं स्वच्छ वातावरण
- सटीक रिपोर्ट
- नियमित एवं इमरजेंसी डायलिसिस

विशेष सुविधा - अब उपलब्ध
✓ CT SCAN
✓ डायलिसिस यूनिट
✓ डिजिटल एक्स-रे
✓ सोनोग्राफी
✓ पैथोलॉजी एवं लैब
✓ ECHO

उपलब्ध विभाग :
- शिशु रोग विशेषज्ञ
- स्त्री रोग विशेषज्ञ
- NICU, आईसीयू
- पैथोलॉजिस्ट
- एनेस्थिसियोलॉजिस्ट
- क्रिटिकल केयर
- हड्डी रोग विशेषज्ञ
- हृदय रोग
- मनोरोग
- जनरल मेडिसिन
- नेत्र रोग
- ईएनटी
- जनरल सर्जन
- न्यूरोलॉजी
- यूरोलॉजी
- रेडियोलॉजिस्ट
- त्वचा रोग
- फिजियोथेरेपी

24 hours

91091 54282, 91091 54280, 7880172404

प्रस्तुति : उत्कर्ष शर्मा, रिपोर्टर ब्यूरो कार्यालय राजिम, जिला - गरियाबंद, मो. 9752106022

## खबर संक्षेप



### बुड़ेनी में शाला प्रवेश उत्सव सरपंच ने कराया मुंह मीठा

**नवापारा-भेण्डरी।** हायर सेकेंडरी स्कूल बुड़ेनी में शाला प्रवेश उत्सव के दौरान पौधारोपण किया गया। जिसमें फलदार एवं चंदन के पौधे रोपे गए। सर्वप्रथम सरपंच खेमू साहू द्वारा बच्चों का मुंह मीठा कर छात्रों को प्रवेश कराया गया। निःशुल्क पुस्तक, यूनिफॉर्म दिया गया। श्री साहू ने इस अवसर पर बच्चों को शिक्षा और संस्कार के बारे में बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जीवन में आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्याम साहू, प्राचार्य श्री चंद्राकर सर, जिला पंचायत सदस्य मीना-डेमू साहू, उपसरपंच बिंदा निषाद,जनपद सदस्य मूलचंद साहू सहित शाला परिवार छात्र-छात्राएं ग्राम के वरिष्ठ गण मौजूद थे।

### रजनकटा स्कूल में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत



**पाण्डुका।** मंगलवार को ग्राम पंचायत रजनकटा के प्राथमिक एवं पूर्व माध्य विद्यालय में सयुक्त रूप से सभी बच्चों को माला पहनाकर चंदन लगाकर, मुंह मीठा कर पुस्तक वितरण करते हुए उज्वल भविष्य की कामना के साथ सभी नवप्रवेशी बच्चों को शाला प्रवेश कराया गया। इस दौरान शाला विकास प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खेमेश्वरी साहू सभी सदस्य सहित ग्राम पंचायत के सरपंच तेजकुंवर कंडरा, पंच गण और पालक, पूर्व सरपंच किसन कंडरा, दिलीप साहू, रेखराम साहू, हरिशंकर निषाद गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में माताओं की उपस्थिति रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान दायनी मां सरस्वती व छत्तीसगढ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच तेजकुंवर कंडरा, अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति खेमेश्वरी साहू, प्रधान पाठक आरसी ध्रुव, धनेश्वरी मुरचुलिया, शिक्षक मानिक साहू, नगमा खान, शैल नामदेव, गंगेश्वरी सिन्हा, गोदावरी साहू, ताम्रजध्वज साहू, पवन लोहेस, नंदनी साहू, प्रमिला निर्मलकर, लता साहू, उषा साहू, भारती पटेल, केजाबाई यादव, लक्ष्मी कंडरा सहित ग्राम के पालक गण सहित नवप्रवेशी बच्चों की माताएं उपस्थित रहे। उक्त अवसर पर पालक रेखराम साहू सभी पालकों से अपने बच्चों की पढ़ाई पर अधिक ध्यान देनें की बात कहीं।

### स्कूली बच्चों को कराया गया न्योता भोज

**बिरकोनी।** शासकीय नवीन कन्या पूर्व माध्यमिक शाला बिरकोनी में शिक्षिका शैल सोनवानी के जन्मदिवस पर न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों को मिठाई, फल, मिक्सर, चॉकलेट वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक योगेश्वर गिरी गोस्वामी, द्रौपदी दीवान शिक्षक, रचना साहू, मुकेश कुमार प्रजापति, अनंत कुमार ध्रुव, संगीता साहू आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम :** सांसद एवं विधायक ने शाला प्रवेशोत्सव में नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत

# बच्चे कल के भविष्य, समाज के विकास में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान : सांसद रूपकुमारी चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखण्ड के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल मैनपुर में नवीन शिक्षा सत्र पर जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी एवं बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक राम धुरव, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर तथा मिठाई खिलाकर आत्मीय स्वागत किया। अतिथियों ने बच्चों को नए सत्र के पुस्तकों का वितरण किया तथा सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वीं में प्रवेश लेने वाली छात्रओं को साइकिलें प्रदान की गईं। कार्यक्रम के दौरान सांसद श्रीमती चौधरी मंच से उतरकर छात्रओं के बीच जमीन पर बैठीं, उनसे संवाद किया, अपने स्कूली दिनों की यादें साझा कीं और बच्चों के साथ सेल्फी लेकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का अधिकार है और शासन विभिन्न योजनाओं के माध्यम से शिक्षा का स्तर बढ़ाने एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। उन्होंने पालकों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों की शिक्षा में कोई कमी न आने दें, क्योंकि शिक्षा ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।





### शिक्षा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव

शाला प्रवेश उत्सव के कार्यक्रम में बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि प्रवेश उत्सव के माध्यम से यह सुनिश्चित करना है, कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। हर बच्चा स्कूल जाए, यह सर्वोच्च प्राथमिकता में है। समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी से ही हम शिक्षित व आत्मनिर्भर बने। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही भविष्य की नींव है। स्कूल प्रारंभिक जीवन की दिशा तय करता है। उन्होंने सभी पालकों से आग्रह करते हुए कहा कि अपने बच्चों को नियमित स्कूल भेजें। इस अवसर पर कलेक्टर श्री बीएस उइके ने कहा कि शाला प्रवेशोत्सव के अवसर पर कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से विद्यालय आने और पूरी लगन के साथ अध्ययन करने का आह्वान किया। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों की शिक्षा के प्रति सजग रहने और उन्हें निरंतर विद्यालय भेजने की अपील की। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को गणवेश, पाठ्यपुस्तक एवं सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत कक्षा 9वीं के 05 बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी।



### कार्यक्रम में ये रहे शामिल

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, भाजपा नेता गुरूनारायण तिवारी, कलेक्टर श्री बीएस उइके, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश चंद्राकर, डीएमसी शिवेश शुक्ला, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी देवनाथ बघेल, बीआरसीसी शिवकुमार नागे, सीईओ जे के गजभिये, तहसीलदार सुशील कुमार भोई, एसडीओपी ओमप्रकाश खुजुर, थाना प्रभारी सिद्धेश्वर प्रताप सिंह, गोविंद पटेल, चंद्रकिशोर बघेल, गिरीश शर्मा, यशवंत बघेल, आशीफ खान, मुकेश ठाकुर, संध्या कुटारे, संतोश तारक, शालुरानी ठाकुर, सरोज सेन, चित्ररेखा वर्मा, सुंदर कश्यप, मो रसीद खान, डिगेश्वर देवांगन, दामोदर नेगी, संतोश पटेल, प्रदीप सिन्हा, रामेश्वर नागेश, नीलम नागर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे एवं पालकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक यशवंत बघेल एवं गिरीश शर्मा ने किया।

## चरोदा में मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



शासकीय हाई स्कूल चरोदा, विकासखंड छुरा में नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ पर भव्य 'शाला प्रवेश उत्सव' का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी समारोह में नवागंतुक छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, गुलाल मलकर और मुंह मीठा कराकर आत्मीय स्वागत किया गया। साथ ही शासन की मंशानुरूप विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष भाई इमरान अली, सरपंच लालता नागेश, जनपद सदस्य लक्ष्मण नेताम, देवेंद्र शर्मा, घनश्याम नागेश तथा पालकों में मनिहार, माधव, दलसिंह, गोवर्धन सहित समस्त विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुशासन को बढ़ावा देने के लिए विशेष पुरस्कार वितरित किए गए वर्ष 2026 की कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा तथा कक्षा 9वीं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले होनहार छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। देवेंद्र शर्मा ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और बच्चों को प्रतिदिन नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया। वहीं, सरपंच श्री लालता नागेश ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें और उसे पाने के लिए पूरी लगन व मन लगाकर पढ़ाई करें।

## द्वारतरा स्कूल में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

ग्राम पंचायत द्वारतरा के प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला में शाला प्रवेश उत्सव उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ग्राम सरपंच एवं सरपंच संघ अध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता धनीराम ध्रुव ने की। वहीं संतोष कुमार सिन्हा (एसएमसी अध्यक्ष), देवनारायण टंडन, मिथलेश गिलहरे, हरिश ध्रुव (पंच), डेरहाराम ध्रुव, तीजूराम यादव, रामेश्वरी (पंच), देवकुंवर मन्नाडे, दुजबाई ध्रुव (पंच), बालमुकुंद छेदैहा (संकुल समन्वयक), वेद कुमार डिडी (सहायक शिक्षक), भगवान दास कोसरिया (सहायक शिक्षक), बलवंत बघेल (प्रधान पाठक, प्राथमिक शाला), चूड़ामणि ध्रुव, मीना निषाद, योगिता ध्रुव, तारा ध्रुव, डिगेश्वरी सिन्हा, हिरौदी ध्रुव सहित बड़ी संख्या में पालक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत करने के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पन्नालाल ध्रुव एवं अन्य अतिथियों ने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय आने के लिए प्रेरित किया तथा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि पन्नालाल ध्रुव ने कहा कि शिक्षा केवल नौकरी प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन को सफल बनाने का सशक्त साधन है। शिक्षा के बल पर व्यक्ति व्यवसाय, उन्नत कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा वह प्रकाश है, जो अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करती है। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे नवाचार के साथ विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं नई-नई जानकारियां प्रदान करें, ताकि विद्यालय के अधिक से अधिक विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय एवं एकलव्य विद्यालय जैसी प्रतिष्ठित संस्थाओं में हो सके। साथ ही उन्होंने पालकों, विशेषकर माताओं से अपील की कि वे प्रतिदिन कम से कम एक घंटे बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें, क्योंकि माता ही बच्चे की प्रथम गुरु होती है। कार्यक्रम के अंत में प्रधान पाठक बलवंत बघेल ने सभी अतिथियों, पालकों एवं उपस्थित ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।



## सिंधौरी स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नवीन शिक्षा सत्र के शुभ आरंभ को उत्सव का स्वरूप देते हुए शासकीय प्राथमिक शाला सिंधौरी में शनिवार 27 जून को शाला स्तरीय प्रवेश उत्सव का भव्य एवं गरिमा मय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर पुष्प वर्षा कर एवं निशुल्क पाठयपुस्तक का वितरण कर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभ आरंभ मुख्य अतिथि सरपंच दिगेश्वर साहू उपसरपंच हेमलता साहू शाला विकास समिति के अध्यक्ष सोहन वर्मा द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा का पूजा अर्चन एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रधानपाठक नन्द सिन्हा ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव केवल नए विद्यार्थियों आपका स्वागत ही नहीं बल्कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा समय विकास और उज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखने का संकल्प है। कहा कि विद्यालय में विद्यार्थियों की आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्य, अनुशासन और व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण करना है उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की नियमित उपस्थिति एवं शिक्षा में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया मुख्य अतिथि सरपंच दिगेश्वर साहू ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं बल्कि संस्कार और चरित्र निर्माण करना भी है। शाला विकास समिति के अध्यक्ष सोहन वर्मा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर नवोदय चयनित छात्र-छात्रा भूपेंद्र वर्मा ,त्रिशाली ध्रुव ,पांचवी बोर्ड टॉपर डिंपल वर्मा आदि का पालकों सहित नगद राशि व लेखनी भेट कर सम्मान किया गया। पालकों में गायत्री वर्मा, भूमिका निर्मलकर, भावना निर्मलकर, चंद्रिका पटेल, कृति वर्मा, त्रिवेणी पटेल, चंद्रिका साहू के साथ ही छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। बच्चों को न्यौता भोज में हलवा, पूरी, केला, दाल भात सब्जी दिया गया। संचालन शिक्षक गणेश कुम्हार ने किया एवं आभार व्यक्त शिक्षिका हेमलता ठाकुर ने किया।

■ नवोदय चयनित बच्चों का हुआ सम्मान



## लोहरसी स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा



शासकीय उच्चतर एवं प्राथमिक व माध्यमिक शाला लोहरसी में नए शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मंगलवार को आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, पुष्पमालाएं पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर विद्यालय परिवार व उपस्थित अतिथियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। बच्चों के चेहरों पर उत्साह और खुशी साफ झलक रही थी। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन व भारत माता को याद कर पुष्प अर्पित कर की गई। इसके बाद कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथियों और विद्यालय के शिक्षकों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा अनुशासन का पालन करने के लिए प्रेरित किया। अभिभावकों से भी बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक रहने और उन्हें प्रतिदिन विद्यालय भेजने की अपील की गई। प्राचार्य आर के अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। इस दौरान गोपी ध्रुव शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, लोमस साहू सरपंच, तुलेश्वरी साहू सरपंच, निलेश टंडन उप सरपंच, पोखन साहू पूर्व जनपद सदस्य,घनश्याम पटेल पूर्व सरपंच , जागेश्वर साहू पंच, प्रेमानन्द साहू पंच, पूर्व पंच छन्नू साहू, कमला यादव पंच, सावित्री ढीढ़ी पंच, उषा जोशी पंच, खेमिन पटेल पंच, कांता ध्रुव पंच, लता यादव, हलधर पटेल, मिलाप साहू, उमेंदु साहू, पंचू तारक उपस्थित थे।

**राजिम में ध्वजारोहण के साथ सहकारिता सप्ताह का भव्य आगाज**

# किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बना रहा सहकारिता आंदोलन : जितेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय द्वारा सहकारिता मंत्रालय के गठन के पाँच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई तक देशभर में सहकारिता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न सहकारी समितियों में भी विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। राजिम प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति परिसर में ध्वजारोहण के साथ सहकारिता सप्ताह का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में सहकारिता गीत का सामूहिक गायन एवं कविता वाचन भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम समिति के अध्यक्ष एवं गरियाबंद जिला सहकारी समिति संघ के महाअध्यक्ष जितेंद्र सोनकर ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ध्वजारोहण के बाद उन्होंने उपस्थित किसानों, समिति सदस्यों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सहकारिता आंदोलन की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सहकारिता की भावना ही किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का सबसे प्रभावी माध्यम है और केंद्र तथा राज्य सरकारें इसी उद्देश्य से लगातार कार्य कर रही हैं। अपने संबोधन में श्री सोनकर ने कहा कि सरकार सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज (0% ब्याज) पर कृषि ऋण उपलब्ध करा रही है। इसके साथ ही किसानों को बिना ब्याज के उर्वरक (खाद) एवं कृषि उपयोगी दवाइयां भी उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे खेती की लागत कम हो रही है और किसानों को आर्थिक राहत मिल रही है। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार सहकारिता के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों पर भी अनुदान प्रदान कर रही है। ट्रैक्टर, जेसीबी, मोटर पंप, हार्वेस्टर सहित अन्य कृषि यंत्रों की खरीद पर किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत अनुदान का लाभ मिल रहा है। इन योजनाओं का उद्देश्य कृषि को आधुनिक बनाना, उत्पादन बढ़ाना तथा किसानों की आय में वृद्धि करना है। श्री सोनकर ने किसानों से अपील की कि वे सहकारी समितियों से जुड़कर शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि सहकारिता केवल एक संस्था नहीं, बल्कि किसानों के आर्थिक, सामाजिक और कृषि विकास का सशक्त माध्यम है। सरकार की मंशा है कि प्रत्येक किसान तक योजनाओं का लाभ पारदर्शिता और सरलता के साथ पहुंचे।

### सप्ताह भर चलेंगे विविध कार्यक्रम, जुटे क्षेत्र के किसान



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर समिति के प्रभारी व्यवस्थापक अमृत साहू, लोकनाथ साहू, मनीराम पटेल, सुरेंद्र साहू, सरोज पटेल, अमन सोनकर, मनोज पटेल सहित समिति के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने सहकारिता आंदोलन को और अधिक मजबूत बनाने तथा किसानों के हित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत आगामी दिनों में सहकारी समितियों में जागरूकता कार्यक्रम, किसान संगोष्ठी, प्रशिक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान तथा विभिन्न जनहितकारी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य सहकारिता की भावना को जन-जन तक पहुंचाना, किसानों को नई योजनाओं की जानकारी देना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को अधिक सशक्त बनाना है। राजिम समिति में आयोजित यह कार्यक्रम किसानों और सहकारिता से जुड़े लोगों के लिए प्रेरणादायी रहा। कार्यक्रम के माध्यम से सरकार की किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण विकास और

